# एनएमआरसी ने की मीटिंग

**प्रस, नोएडा :** एनएमआरसी ने एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशनों पर एनएसईजैड व आसपास से अन्य सेक्टरों में बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए गुरुवार को करीब 40 कंपनियों के साथ मीटिंग की और उनकी राय जानी। मेट्रो स्टेशनों से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है। साथ ही मेट्रो स्टेशनों पर ऐसी और कौनसी सुविधाएं शुरू की जाएं ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। इसके अलावा सिटी बस सर्विस को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। इस मीटिंग के दौरान कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कई सुझाव दिए। एनएमआरसी का कहना है कि इनमें जो संभव हैं उनपर विचार किया जाएगा।